**2013**

# HINDI[4]

| | |
|---|---|
| Full Marks : Group–A | 50 |
| Pass Marks : Group–A | 15 |
| Full Marks : Groups–A+B | 100 |
| Pass Marks : Groups–A+B | 30 |
| Time : Group–A | Two hours |
| Time : Groups–A+B | Three hours |

## (NEW COURSE) (नया पाठ्यक्रम)

***For HSLC Regular candidates and unsuccessful Regular candidates of 2011 and 2012.***

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

## (OLD COURSE) (पुराना पाठ्यक्रम)

***[ From Page 9]***

*Contd.*

## GROUP–A (खण्ड-क)

1. प्रश्नों के नीचे दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही है। सही उत्तरों का चयन करो : 1×5=5

क) कबीरदास के अनुसार गुरु क्या है?
   - अ) सोनार
   - आ) कुम्हार
   - इ) कहार
   - ई) लोहार

ख) कवि ने सबसे बड़ा देवत्व किसे कहा है?
   - अ) विज्ञान को
   - आ) बुद्धि को
   - इ) देवता की शक्ति को
   - ई) पुरुषार्थ को

ग) भोलाराम कब रिटायर हुआ था?
   - अ) पाँच साल पहले
   - आ) तीन साल पहले
   - इ) चार साल पहले
   - ई) सात साल पहले

घ) 'भोलाराम का जीव' किस प्रकार की कहानी है?
   - अ) आदर्शवादी
   - आ) व्यंग्यात्मक
   - इ) प्रतीकात्मक
   - ई) यथार्थवादी

ङ) ममता की कुटिया में एक रात के लिए शरण लेने हेतु आनेवाला मुगल बादशाह का नाम है —
   - अ) शाहजहाँ
   - आ) अकबर
   - इ) हुमायूँ
   - ई) बाबर

2. सप्रसंग व्याख्या करो : 5+5=10

क) काल करे सो आज कर, आज करे से अब।
पल में परलय होएगा, बहुरि करेगो कब।।

अथवा

तेरा साई तुज्झ में, ज्यों पुहुपन में बास।
कस्तूरी का मिरग ज्यों, फिर-फिर ढूँढ़ै घास।।

ख) सत्य कठोर होता है, कठोरता और भद्दापन साथ-साथ जन्मा करते हैं, जिया करते हैं। हम कठोरता से भागते हैं, भद्देपन से मुख मोड़ते हैं।

अथवा

हम जिसे देख नहीं सकें, वह सत्य नहीं है, यह है मूढ़ धारणा! ढूँढ़ने से ही सत्य मिलता है।

3. संक्षेप में उत्तर दो : 3+3+3=9

क) 'मृत्तिका' कविता के भावार्थ को अपने शब्दों में लिखो।

ख) 'आजकल पृथ्वी पर इस प्रकार का व्यापार बहुत चला है'। — यहाँ चित्रगुप्त ने किस प्रकार के व्यापार की चर्चा की है?

ग) मौन बलिदान को समाज की आधारशिला क्यों कहा गया है स्पष्ट करो।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो : 4+4=8

क) ममता के चरित्र में निहित ब्राह्मण्य-संस्कार को रेखांकित करो।

अथवा

'ममता' शीर्षक कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट करो।

ख) 'केशव! यह सुयश सुयश क्या है?' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखो।

अथवा

'इस झूठमूठ में रस क्या है!' — यहाँ किस रस की चर्चा की गई है स्पष्ट करो।

5. उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करो : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2$

(प्रतिमा बन तुम्हारी ________ हो जाती हूँ)
विश्वास करो
यह सबसे बड़ा ________ है, कि
तुम ________ करते मनुष्य हो
और मैं ________ पाती मृत्तिका।

6. क) किन्हीं चार के पुंलिंग शब्द-रूप लिखो : 1×4=4

मादा कौआ, बकरी, कवयित्री, ठकुराईन, धोबिन, सभानेत्री

ख) किन्हीं चार शब्दों के बहुवचन-रूप बनाओ : ½+½+½+½=2

लता, नदी, डाकू, बात, बच्चा, बुराई

ग) किन्हीं तीन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो : 1×3=3

पद्म, चिड़िया, पुस्तक, पेड़, बन्धु

घ) किन्हीं चार के विपरीतार्थक शब्द लिखो : ½+½+½+½=2

कठोर, निर्माण, प्रकाश, वादी, नकारात्मक, इति

ङ) कन्हीं तीन शब्द-जोड़ों के अर्थों का अन्तर स्पष्ट करो : 1×3=3

और-ओर, पता-पत्ता, नीर-नीड़, तरणि-तरणी, लक्ष-लक्ष्य

च) निम्नांकित प्रत्ययों को जोड़कर एक-एक शब्द बनाओ : ½+½+½+½=2

आवट, ई, अनीय, आलू

## GROUP–B (खण्ड-ख)

7. पूर्ण वाक्य में उत्तर दो : 1×5=5

क) मीराँबाई किससे कृपा चाहती हैं?

ख) 'पुष्प की अभिलाषा' किसकी कविता है?

ग) 'बड़े मियाँ' कौन है?

घ) हमारे भूतपूर्व वैज्ञानिक राष्ट्रपति का पूरा नाम क्या है?

ङ) 'हमारे वैज्ञानिक राष्ट्रपति' पाठ के लेखक का नाम उल्लेख करो।

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : 3+3+3+3=12

क) 'पुष्प की अभिलाषा' कविता में निहित राष्ट्रीयता को स्पष्ट करो।

ख) मीराँवाई अपने आराध्य से क्या-क्या निवेदन करती हैं?

ग) नीलकंठ के मरने पर (अपने) सीमित प्रकृतिजगत् पर क्या प्रभाव पड़ा था स्पष्ट करो।

घ) अब्दुल कलाम की किन्हीं तीन विशेषताओं को रेखांकित करो।

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो :

क) महादेवी जी ने क्यों कहा है कि उनका पढ़ने-लिखने का कमरा अस्पताल बना है? 5

अथवा

स्पष्ट कीजिए कि महादेवी जी का पशु-पक्षियों को पालने का अच्छा अनुभव है।

ख) 'गिरधर गोपाल' को प्राप्त करने के लिए मीराँबाई को क्या-क्या खोना पड़ा था? 4

अथवा

पठित पदों के आधार पर मीराँबाई की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालो।

10. निम्नलिखित में से किसी एक पर निबन्ध लिखो : 10

क) कम्प्यूटर

ख) साहित्य और समाज

ग) साम्प्रदायिक एकता और असम

घ) समाचार पत्र

ङ) विद्यार्थी और मनोरंजन

11. परीक्षा में सफल होने के लिए कैसी तैयारी करनी पड़ती है, उसको सूचित करते हुए अपने छोटे भाई के नाम पर एक पत्र लिखो। 5

अथवा

मान लो कि तुम्हारा नाम कमल है और किसी महीने में तुम स्कूल में अनुपस्थित रहे हो। इसकी सूचना देते हुए वजह सहित अपनी कक्षा की शिक्षिका के नाम पर पत्र लिखो।

12. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दो :

मातृभाषा के अतिरिक्त राष्ट्रभाषा अथवा अन्तर्राष्ट्रीय भाषा भी शिक्षा का माध्यम होती है, इनमें से राष्ट्रभाषा उस भाषा को कहते हैं, जो किसी राष्ट्र की विभिन्न भाषाओं में प्रधान होती है। वह अपने क्षेत्र अथवा प्रान्तों की भाषा तो होती ही है, परन्तु राजकीय कार्यों में तथा सार्वजनिक क्षेत्र में समस्त देश में प्रयुक्त होने के कारण

सारे देश में साँझी भाषा बन जाती है। आज हिन्दी को भारतवर्ष में वही गौरव प्राप्त है। इसी प्रकार जिस भाषा का विभिन्न राष्ट्रों के आपसी व्यापार तथा राजकीय कार्यों में प्रयोग होता है, उसे अन्तर्राष्ट्रीय भाषा कहते हैं। आजकल अंग्रेजी अन्तर्राष्ट्रीय भाषा है। अंग्रेज शासनकाल में भारत में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी को बना दिया गया था, जो बहुत अंशों में अब भी विद्यमान है।

प्रश्न : —

क) राष्ट्रभाषा किसे कहते हैं? 1

ख) भारत की राष्ट्रभाषा कौनं-सी है? 1

ग) अन्तर्राष्ट्रीय भाषा और राष्ट्रभाषा में क्या अन्तर है? 1

घ) अन्तर्राष्ट्रीय भाषा का नाम लिखो। 1

13. निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद करो : 1×5=5

*a)* Shillong was the Capital of Assam.

*b)* Now Dispur is the Capital of Assam.

*c)* Shillong is not far away from Guwahati.

*d)* It is a hilly area.

*e)* The Khasi speaking people are simple and honest.

*f)* They work hard.

***Assamese***

*a)* ছিলং অসমৰ ৰাজধানী আছিল।

*b)* এতিয়া অসমৰ ৰাজধানী দিছপুৰ।

*c)* গুৱাহাটীৰ পৰা ছিলং দূৰত নহয়।

*d)* এইখন এখন পাহাৰীয়া ঠাই।

*e)* খাছী ভাষা কোৱা মানুহবোৰ সৰল আৰু সৎ।

*f)* তেওঁলোকে পৰিশ্ৰম কৰে।

***Bengali***

*a)* শিলঙ আসামের রাজধানী ছিল।

*b)* এখন দিশপুর হলো আসামের রাজধানী।

*c)* শিলঙ গুয়াহাটি থেকে দূর নয়।

*d)* এটি একটি পাহাড়ী এলাকা।

*e)* খাসি ভাষী লোকেরা সহজ সরল এবং সৎ।

*f)* তারা খুব পরিশ্রম করে।

### *Bodo*

*a)* सिलङा आसामनि राजथावनिमोन।

*b)* दा दिसपुरा आसामनि राजथावनि।

*c)* सिलङा गुवाहाटीनिफ्राय बारा गोजान नङा।

*d)* बेयो मोनसे हाजो ओनसोल।

*e)* खासि राव बुंग्रा सुबुंफोरा जोबोर मोजां आरो फोथायसुला

*f)* बिसोर जोबोर हाबा मावो।

### *Manipuri*

*a)* শিলংসি আসামগী কোনুং ওইরম্মী।

*b)* হৌজিক্তি আসামগী কোনুং দিসপুরনি।

*c)* শিলংসি গুৱাহাতিদগী য়াম্না লাপ্পা নত্তে।

*d)* মসি চীংগী লমদমনি।

*e)* খাসি লোল ঙাংবা মীওইশিং অসি চন্মী অমসুং মবুকচেল শেংই।

*f)* মখোয়না কন্না শু-নোম্মী।

### *Khasi*

*a)* Ka Shillong ka la long ka nongbah jong ka Assam.
*b)* Mynta, Ka Dispur ka long ka nongbah jong ka Assam.
*c)* Ka Shillong kam da jngai na Guwahati.
*d)* Ka long ka rilum.
*e)* Ki Khasi ki long ki bashida bat hok.
*f)* Ki don la ki jong ki jaka.

### *Garo*

*a)* Shillongara Assamni skotong songjinma ongachim.
*b)* Da'ode Dispursa Assamni skotong songjinma ong'a.
*c)* Shillongara Guwahationi chelbeade ongja.
*d)* Ian abriarigipa biap ong'a.
*e)* Khasi kusikko agangipa mande rangara ramram aro kakket gipa manderang ong'a.
*f)* Uamang rake kam ka·a.

### *Hmar*

*a)* Assam Khawpui Shillong alo ni hlak.
*b)* Tuhin Assam khawpui chu Dispur anih.
*c)* Shillong chu Guwahati anthawkin a hla nawh.
*d)* Tlangram hmun anih.
*e)* Khasi tawng hmang mi hai chu um mawl le indiktak an nih.
*f)* Sin an thaw nasa.

### *Mizo*

*a)* Shillong hi Assam khawpui thin a ni.
*b)* Tunah chuan Dispur hi Assam khawpui a ni.
*c)* Shillong chu Guwahati aṭang a hla vak lo.
*d)* Tlang ram a ni.
*e)* Khasi ṭawng hmangho chu mi rinawm leh khawsak mawlmang te te an ni.
*f)* Hnam taima tak an ni.

### *Urdu*

*a)* شیلانگ آسام کا دارالحکومت تھا -
*b)* اب دیسپور آسام کا دارالحکومت ہے -
*c)* شیلانگ گوہاٹی سے دور نہیں ہے -
*d)* یہ پہاڑی علاقہ ہے
*e)* کھاسی زبان بولنے والے لوگ سیدھے سادے اور شریف ہے
*f)* وہ بہت محنت کرتے ہیں -

### *Nepali*

*a)* शिलाङ असमको राजधानी थियो।
*b)* अंहिले दिशपुर असमको राजधानी हो।
*c)* शिलाङ गुवाहाटीवाट धेरै टाढा छैन।
*d)* यो पहाडी ठाउँ हो।
*e)* खासीभाषी मानिस् सरल र सोझा हुन्।
*f)* उनीहरू धेरै परिक्षम गर्छन्।

———×———

2013

# HINDI[4]

Full Marks : Group–A : 50

Pass Marks : Group–A : 15

Full Marks : Groups–A+B : 100

Pass Marks : Groups–A+B : 30

Time : Group–A : Two hours

Time : Groups–A+B : Three hours

## (OLD COURSE) (पुराना पाठ्यक्रम)

*For unsuccessful HSLC Private candidates of 2012 and earlier.*

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

## GROUP–A (खण्ड-क)

1. ज्योतिप्रसाद की साहित्य-साधना को रेखांकित करो। 5

अथवा

'ज्योतिप्रसाद चिराचरित मानसिकता के पोषक नहीं थे' — 'रूपकोंवर ज्योतिप्रसाद' शीर्षक पाठ के आधार पर प्रमाणित करो।

2. सप्रसंग व्याख्या करो : 5

जिसको आत्मवल का भरोसा है, वे जहाँ होंगे जल में तुम्बी के समान सबसे ऊपर रहेंगे।

अथवा

बहुतेरे सत्पुरुषों के जीवन-चरित्र धर्म-ग्रन्थों के समान हैं, जिनके पढ़ने से कुछ-न-कुछ उपदेश जरूर मिलता है।

3. कवि मैथिलीशरण गुप्त जी के अनुसार स्वर्ग क्या है? 4

अथवा

"जग है असार सुनती हूँ,
मुझको सुख-सार दिखाता;
मेरी आँखों के आगे
सुख का सागर लहराता।" — का भाव स्पष्ट करो।

4. (क) ज्योतिप्रसाद के प्रपितामह का परिचय दो। 3

अथवा

ज्योतिप्रसाद के राजनीतिक जीवन का परिचय दो।

(ख) 'दैव-दैव आलसी पुकारा' — का भाव स्पष्ट करो। 3

अथवा

'उसके मुकावले में स्कूल और कालेजों की शिक्षा कुछ नहीं है'। — लेखक ने ऐसा क्यों कहा है?

(ग) दुःख और वेदना के प्रति कवयित्री की धारणा क्या है स्पष्ट करो। 3

अथवा

मैथिलीशरण जी की मानवतावादी दृष्टि को 'मुक्ति का द्वार' के आधार पर रेखांकित करो।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो:

क) हिमांशु राय कौन थे? 1

ख) भारवि कौन थे? 1

ग) कवि ने महाधर्म का क्या अर्थ दिया है? 1

घ) रिक्त स्थानों की पूर्ति सही शब्दों से करो : 2

आशा आलोकित करती
मेरे जीवन को ______ ;
हैं स्वर्ण-सूत्र से ______
मेरी असफलता के घन।

6. क) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के लिंग परिवर्तन करो : 1×4=4

पति, भतिजा, धोबिन, नेता, विधवा, नायक

(ख) निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** शब्दों के बहुवचन बनाओ : 1×3=3

नदी, धारा, पैसा, पुस्तक, बच्चा

(ग) निम्नलिखित में से **किन्हीं** तीन शब्द-जोड़ों के अन्तर स्पष्ट करो : 1×3=3

अतल-अतुल, अदृश्य-अदृष्ट, तरंग-तुरंग, मेध-मेघ, हेम-हिम

(घ) निम्नलिखित में से **किन्हीं** चार के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो : 1×4=4

हार, सारंग, श्री, मधु, रस, वार

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के विपरीतार्थक शब्द लिखो : 1×4=4

कायर, मण्डन, देव, भूषण, नीरस, बुराई

7. निम्नलिखित में से **किन्हीं** चार वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद करो : 1×4=4

*i)* The Brahmaputra is the name of a river.

*ii)* It is flowing through Assam.

*iii)* Assam is a beautiful state.

*iv)* It is famous for tea.

*v)* Do you drink tea ?

***Assamese***

*i)* ব্ৰহ্মপুত্ৰ এখন নদীৰ নাম।

*ii)* ই অসমৰ মাজেৰে বৈ গৈছে।

*iii)* অসম এখন ধুনীয়া ৰাজ্য।

*iv)* ই চাহৰ বাবে বিখ্যাত।

*v)* তুমি চাহ খোৱানে?

***Bengali***

*i)* ব্রহ্মপুত্র হলো একটি নদীর নাম।

*ii)* এটি আসামের মধ্য দিয়ে প্রবাহিত।

*iii)* অসম একটি অতি সুন্দর রাজ্য।

*iv)* এটি চা-এর জন্য বিখ্যাত।

*v)* তুমি কী চা খাও?

### *Bodo*

*i)* ब्रह्मपुत्रवा मोनसे दैमानि मुं।

*ii)* बेयो आसामनि गेजेरजों बोहैलांदों।

*iii)* आसामा गंसे समायना रायजो।

*iv)* बेयो साहानि थाखाय मुं दांखा।

*v)* नों साहा लोङोना?

### *Manipuri*

*i)* ব্রহ্মপুত্র হায়বসি তুরেল অমগী মমিংনি।

*ii)* মসিনা আসাম ফাওদুনা চেল্লি।

*iii)* আসাম ফজবা রাজ্য অমনি।

*iv)* মসি চাগীদমক্তা মমিং চৎলি।

*v)* নং চা থকপ্রা?

### *Khasi*

*i)* Ka Brahmaputra ka long ka kyrtong jong ka wah.

*ii)* Ka tuid lyngba ka Assam.

*iii)* Ka Assam ka long ka ri ka baitynnat.

*iv)* Ka donnam namar u slasha.

*v)* Phi ju dih sha?

### *Garo*

*i)* Brahmaputra Chibimaui bimung ong·a.

*ii)* Ua Assam gita joka.

*iii)* Assam-ara nitobegipa a·song damsa ong·a.

*iv)* Iara Chabiyakni gimin miwgsinga

*v)* Náa cha ringama?

### *Hmar*

*i)* Brahmaputra chu vadung hming aṁh.

*ii)* Assam rama luong aṁh

*iii)* Assam chu ram mauitak aṁh.

*iv)* Thingpui leia inlâr aṁh.

*v)* Thingpui i dawn hlak ?

### *Mizo*

*i)* Brahmaputra hi lui hming a ni.

*ii)* Assam hi a chun tlang raih a ni.

*iii)* Assam hi ram mawi tak a ni.

*iv)* Thingpuife hi a hmingthanpui hle.

*v)* Thingpui i in ngai em ?

### *Urdu*

*i)* برھماپوترا ایک دریا کا نام ہے

*ii)* یہ آسام ہوکر بہہ رہا ہے —

*iii)* آسام ایک حسین صوبہ ہے

*iv)* یہ چائے کیلئے مشہور ہے

*v)* تم چائے پیتے ہو ؟

### *Nepali*

*i)* ब्रह्मपुत्र नदीको नाम हो।

*ii)* यो असममा बगिरहेको छ।

*iii)* असम एउटा सुन्दर राज्य हो।

*iv)* यो चियाका लागि विख्यात छ।

*v)* तिमी चिया खान्छौ?

## GROUP–B (खण्ड–ख)

8. प्रसंगसहित व्याख्या करो : 5+5=10

(क) मुनुष्य के बिना भी संसार कितना व्यस्त और रोचक है।

अथवा

मनुष्यत्व एक चीज है, जो कभी–कभी भेद की सब दीवारों को लांग जाती है।

(ख) मुसलमान भी इन्सान है। उनके भी तो बहनें होती हैं। सोचो तो बहन, क्या वे मनुष्य नहीं हैं? क्या उनके हृदय नहीं है?

अथवा

छोटे–छोटे दो धागे भी जानी दुश्मन को मुहब्बत की जंजीरों में जकड़ देते हैं।

9. सप्रसंग व्याख्या करो : 5

बाल–दसा–सुख निरखि जसोदा, पुनि–पुनि नन्द बुलावति।
अँचरा तर लै ढाँकि, सूर के प्रभु कौं दूध पियावति।।

अथवा

इस विकास गति के आगे है कोई दुर्दम शक्ति कहीं,
जो जग की स्रष्टा है, मुझको तो ऐसा विश्वास नहीं।

10. (क) हरि–कृपा की महिमा को स्पष्ट करो। 3

अथवा

सूरदास रचित शिशु–लीला के आधार पर यशोदा की मनोदशा को रेखांकित करो।

(ख) 'अपने ही निर्मम हाथों मैं अपना स्मारक ध्वस्त करूँ!' — यहाँ कवि ने अपने हाथों को निर्मम क्यों कहा है? 3

अथवा

'यदि सफल कभी भी हो पाऊँ' — यहाँ किस सफलता की ओर कवि ने संकेत दिया है स्पष्ट करो।

(ग) दिलीप को अपने घर का दुःख क्यों बनावटी–सा लगता है स्पष्ट करो। 4

अथवा

दिलीप ने क्यों कहा है कि दूध फालतू चीज है?

(घ) 'मैं इस रिश्ते की इज्जत रखूँगा' — इसमें निहित विचार को स्पष्ट करो। 3

अथवा

'वे हमें भाई समझें और हम उन्हें।' — इसमें निहित विचार को स्पष्ट करो।

(ङ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो : 4

*i)* सूरदास कौन है? 1

*ii)* 'अज्ञेय' का पूरा नाम क्या है? 1

*iii)* रिक्त स्थानों की पूर्ति करो : 2

________ ! मैं तुझसे सीखूँ, पर अक्षुण्य रखूँ अपना ________

11. निम्नलिखित किसी एक विषय पर निबंध लिखो : 10

क) मोबाइल फोन

ख) अपने जीवन का लक्ष्य

ग) पुस्तकालय

घ) गाँव पंचायत

ङ) साम्प्रदायिक एकता

12. निम्नलिखित किसी एक का भाव-पल्लवन करो : 4

*i)* एक मछली सारे तालाब को गंदा करती है

*ii)* घर का भेदी लंका ढाहे

*iii)* जिसकी लाठी उसकी भैंस।

13. निम्नलिखित गद्यांश का सारांश लिखो : 4

भारतीय समाज में कभी नारी का जीवन घर की चार-दीवारी और चूल्हे-चौके तक ही सीमित था। मध्यकाल की सामन्ती सभ्यता-संस्कृति ने उसे पुरुष की दासी और चल सम्पत्ति बना दिया। इसका मुख्य कारण था उसकी आर्थिक विपन्नता और दासता। आधुनिक काल में पश्चिम की देखा-देखी नारी के जीवन में यहाँ भी भारी बदलाव आए। अब वह आर्थिक स्वतन्त्रता प्राप्त करने के लिए विभिन्न कार्य-क्षेत्रों में क्रियाशील है। जीवन का आज एक भी ऐसा क्षेत्र नहीं, जिसमें नारी की सशक्त भूमिका न हो।

———×———